हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 9 अगस्त 2026


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

14 गड्ढों ने रोकी बायपास की रफ्तार, चालक परेशान



16 गुरु हरकिशन महाराज का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मना





## खबर संक्षेप

### प्रदेश धोबी समाज कोर कमेटी की प्रदेश स्तरीय बैठक 23 को

**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज कोर कमेटी की आवश्यक बैठक 23 जुलाई दिन रविवार को सुबह 11 बजे से रतनपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत एनटीपीसी सीपत नवाडीह सामाजिक सामुदायिक भवन माता चौरा पानी टंकी के पास रखा गया है। प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर ने बताया कि कोर कमेटी की आवश्यक बैठक में एक समाज एक संगठन एक प्रदेश अध्यक्ष का लोकतांत्रिक पद्धति से प्रदेश स्तरीय चुनाव संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के पांचो संभाग के संभागीय अध्यक्ष 33 जिलों के जिलाअध्यक्ष राज परिक्षेत्र अध्यक्ष सहित सभी संगठनो के पदाधिकारियो से अति आवश्यक बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### हर घर तिरंगा अभियान पर होंगे विविध कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके साथ ही हर -घर तिरंगा यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। दोनों कार्यक्रम 9 से 15 अगस्त तक आयोजित होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कार्यक्रम सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये हैं। वन्देमातरम 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 9 अगस्त को समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम ▸▸ शेष पेज 14 पर

# सावन में आस्था का संगम बना लखना सोमनाथ, शिव भक्तों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा-नेवरा

सावन का पवित्र महीना भगवान शिव की आराधना और भक्ति के लिए विशेष माना जाता है। इस पावन माह में तिल्दा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम लखना सोमनाथ स्थित भगवान शिव मंदिर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है।

खारून और शिवनाथ नदियों के पवित्र संगम के समीप स्थित इस प्राचीन मंदिर में स्थापित स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन और जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।मान्यता है कि यहां विराजमान स्वयंभू शिवलिंग तिल-तिल बढ़ता है। यही आस्था भक्तों को बार-बार इस पवित्र स्थल तक खींच लाती है। कई लोग आपस में सहयोग कर भंडारे का आयोजन करते हैं तो अनेक भक्त स्वयं आगे आकर श्रद्धालुओं को भोजन कराते हैं। इसी सेवा भावना के तहत शनिवार को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल के द्वारा भगवान शिव मंदिर के सामने विशाल भजन-भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसादी के रूप में भोजन ग्रहण किया। महेश अग्रवाल और रमेश अग्रवाल स्वयं श्रद्धालुओं को भोजन परोसते नजर आए। उनके साथ अशोक यादव, मोतीलाल हिंदूजा, सत्य प्रकाश शर्मा एवं कृष्णकांत मिश्रा सहित अन्य शिवभक्त भी पूरे सेवा भाव से श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे।

## खारून-शिवनाथ के पावन संगम में स्नान कर स्वयंभू शिवलिंग पर चढ़ा रहे जल

### मनोकामनाएं पूर्ण होती

श्रद्धालु खारून-शिवनाथ के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पवित्र जल भरते हैं और कांवड़ यात्रा के माध्यम से भगवान शिव के दरबार में पहुंचकर शिवलिंग पर जल अर्पित करते हैं। भक्तों का विश्वास है कि सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करने पर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। लखना सोमनाथ में सावन के दौरान सिर्फ भगवान शिव की भक्ति ही नहीं, बल्कि सेवा और मानवता की मिसाल भी देखने को मिलती है।



### कल उमड़ेगा आस्था का सैलाब

सावन के दूसरे सोमवार को लखना सोमनाथ में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। शनिवार और रविवार से ही मंदिर परिसर और संगम स्थल पर भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। सोमवार को कांवड़ लेकर पहुंचने वाले श्रद्धालु संगम में स्नान कर पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। लखना सोमनाथ में सावन के दौरान आस्था, कांवड़, जलाभिषेक और सेवा का यह संगम पूरे क्षेत्र में भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित कर रहा है।

## 15 अगस्त तक मांग पूरी न होने पर 17 से अनिश्चितकालीन धरना

# पेंड्रावन-सरधाभाठा मार्ग जर्जर, अधूरे स्कूल भवन से आक्रोशित ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार सरसीवां

पेंड्रावन-सरधाभाठा-बालपुर-कोसिर सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर होने से नाराज ग्रामीण अब आंदोलन के मूड में हैं। इस विषय का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया है। ग्राम पंचायत सरधाभाठा के सरपंच विशाल कुमार ने अपने ज्ञापन में बताया कि उक्त मार्ग की दूरी 7 किमी है जिसकी स्वीकृति शासन से आज पर्यंत नहीं मिलने से सैकड़ों गांव के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लोग इस जर्जर और गड्ढेयुक्त मार्ग में जान जोखिम में डालकर चलना मजबूर हो गए हैं इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे एवं बरसात के समय कीचड़ के कारण





स्कूली विद्यार्थी, किसान, मरीज एवं आम नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एम्बुलेंस, स्कूल वाहनो का यहां से नियमित आना जाना होता है,दो पहिया वाहन चालक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। सरपंच ने आगे बताया कि आत्मानंद विद्यालय संचालित है जहां 500 से ज्यादा विद्यार्थी आवागमन करते हैं जिन्हें आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। जर्जर स्कूल भवन में बच्चे अध्ययन करने मजबूर हैं।

### किसानों के मुआवजे का चेक लंबित, पुल बनाकर ठेकेदार ने छोड़ा काम

मुआवजा वितरण की समस्या को लेकर ग्रामीणों कि मांग है कि पूर्व में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा केवल पुल का निर्माण कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया था। बाईपास सड़क निर्माण हेतु प्रभावित किसानों की मुआवजा राशि एसडीएम कार्यालय में लंबित है। प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि का चेक वितरित कर सड़क निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराया जाए। सरपंच और ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से उक्त मार्ग के सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए राशि स्वीकृति कर तत्काल मार्ग निर्माण प्रारंभ कराने, प्रभावित किसानों को चेक जारी करने और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालपुर के स्कूल भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराए जाने की मांग की है। सरपंच और ग्रामीणों ने बताया कि उपरोक्त सभी मांगों पर यदि 15 अगस्त 2026 तक शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाएगी तो समस्त ग्रामवासी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से 17 अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

# अंतरप्रांतीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा-नेवरा

तिल्दा नेवरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए तीन सदस्यीय बाइक चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 2 लाख रुपये कीमत की 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस ▸▸ शेष पेज 14 पर

### स्वरूप बदलकर बेचने की थी योजना

तकनीकी साक्ष्यों के साथ मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर परवाना देवार जोगी, अजीत जोगी और अजय कुमार यदु को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। शुरुआत में आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन सख्ती से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के सामने उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी बीरबल देवार के साथ मिलकर जनवरी 2026 से 7 अगस्त 2026 के बीच ▸▸ शेष पेज 14 पर




## पेज 13 के शेष

### हर घर तिरंगा ...

का शुभारम्भ,हर घर तिरंगा जनजागरूकता रैली, 10 अगस्त को विद्यालय एवं महाविद्यालय में देश भक्ति गीत, निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता, 11 अगस्त को विकासखंड मुख्यालयों में युवा एवं महिला समूहों द्वारा तिरंगा यात्रा, 12 अगस्त को नगरीय निकायों में वन्देमातरम एवं स्वतंत्रता संग्राम विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन, 13 अगस्त को जिला मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक संध्या, 14 अगस्त को नगरीय निकाय में वन्देमातरम आधारित प्रदर्शन, ऑडियो बूथ देशभक्ति गीत, संध्या मशाल रैली एवं पुलिस बैंड प्रदर्शन एवं 15 अगस्त को जिला मुख्यालय, विकासखंड मुख्यालय, ग्राम पंचायत, स्कूल एवं कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस समारोह, कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### अंतरप्रांतीय बाइक चोर...

अधीक्षक एवं एसडीओपी विधानसभा के निर्देशन में तिल्दा-नेवरा पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, हथबंद निवासी संजीव त्यागी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बुधवारी साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आए थे। बाजार के बाहर खड़ी उनकी हीरो पैशन प्रो (सीजी-22 एबी -3766) अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना तिल्दा-नेवरा में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।

### स्वरूप बदलकर बेचने ...

तिल्दा-नेवरा, बगदई, बैकुंठ स्थित शराब दुकान परिसर और बुधवारी बाजार क्षेत्र से कुल 5 मोटरसाइकिलें चोरी की थीं। चोरी के बाद वाहनों की पहचान छिपाने के लिए उनका स्वरूप बदल दिया जाता था और उन्हें बेचने की तैयारी की जा रही थी। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने छिपाकर रखी गई 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। इनमें एक हीरो पैशन प्रो (सीजी-22-एबी -3766) तथा चार हीरो एचएफ डीलक्स (बिना नंबर) शामिल हैं। बरामद वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी परवाना देवार जोगी (21 वर्ष), निवासी देवारपारा, तिल्दा। अजीत जोगी (20 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 15, देवारपारा, तिल्दा।अजय कुमार यद्दु (28 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 6, तुलसी नेवरा। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### लवन-भाटापारा बायपास पर गड्ढों के कारण लंबा जाम

# गड्ढों ने रोकी बायपास की रफ्तार, चालक परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा**

जिले की बदहाल सड़कों को लेकर हरिभूमि लगातार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसके बावजूद लवन-भाटापारा को जोड़ने वाले बायपास मार्ग की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। शनिवार सुबह सड़क के गहरे गड्ढों में दो ट्रक एक साथ फंस गए, जिसके बाद मार्ग पर करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। देखते ही देखते सात से आठ अन्य वाहन भी अलग-अलग गड्ढों में फंस गए। कई ट्रकों के पत्ते टूटने से उन्हें निकालने और मरम्मत करने में भी परेशानी हुई। करीब 12 घंटे तक मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। यह बायपास मार्ग करीब 9 से 10 वर्ष पूर्व बनाया गया था। वर्तमान में प्रतिदिन चार-पांच सीमेंट संयंत्रों से जुड़े सैकड़ों भारी वाहनों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। इसके बावजूद लंबे समय से सड़क का नवीनीकरण नहीं किया गया है। पिछले कुछ वर्षों से मरम्मत के नाम पर महज पैचवर्क कर काम चलाया जा रहा है, जिसका खामियाजा अब वाहन चालकों और आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



#### भूखे-प्यासे सड़क पर खड़े रहे चालक

जाम के कारण भारी वाहनों के चालक घंटों तक अपने ट्रकों के साथ सड़क पर फंसे रहे। कई चालकों ने बताया कि लंबे समय तक आवागमन बाधित रहने से उन्हें भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए भी परेशानी उठानी पड़ी। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी जाम के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

#### अधिकारियों के कार्यालय महज चार किमी दूर

बायपास मार्ग से जिला मुख्यालय में बैठे संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों की दूरी महज चार किलोमीटर है। इसके बावजूद इतनी बड़ी समस्या के कई घंटे तक बने रहने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने को लेकर लोगों में नाराजगी है। वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल गड्ढों का पैचवर्क कराने, सड़क की मरम्मत तथा सुचारू यातायात के लिए आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की है।

# मोबाइल टावर के कनेक्शन से ओवरलोड होकर जला ट्रांसफार्मर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां**

ग्राम मुड़पार में मोबाईल टॉवर के विद्युत कनेक्शन को ग्रामीणों के ट्रांसफार्मर में जोड़े जाने के चलते ओवर लोड से यहां के ट्रांसफार्मर जल गया है। मोबाइल टॉवर के विद्युत कनेक्शन को ग्रामीणों के ट्रांसफार्मर में जोड़े जाने से ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि मोबाइल टॉवर के विद्युत कनेक्शन को आम उपभोक्ताओं के ट्रांसफार्मर में जोड़े जाने से सालों से लो वोल्टेज,बार बार फ्यूज, डी ओ उड़ने की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। बिजली बंद होने से मुड़पार वासी इस समय उमस भरी गर्मी, मच्छरो के आतंक से तो परेशान हैं साथ ही पेयजल के लिए जूझना पड़ रहा है। लोगों को वर्तमान में 12 से 15 घंटे बिजली नसीब नहीं हो रही है।विद्युत विभाग के सूत्रों के अनुसार ट्रांसफार्मर आने में 4 से 5 दिन लग जाते हैं। 6 अगस्त को ट्रांसफार्मर जला है विभागीय सूत्रों के अनुसार उच्च अधिकारीयों को इसकी जानकारी दे दी गई है और नए ट्रांसफार्मर के लिए मांग की गई है आते ही लगा दिए जाएंगे। हालांकि विभाग ने अल्प समय के लिए अस्थायी तौर पर विद्युत उपभोक्ताओं को अन्य ट्रांसफार्म से विद्युत सप्लाई जारी किया है पर यह पर्याप्त नहीं है वैकल्पिक व्यवस्था से बोरवेल नहीं चल रहे हैं जिससे पेयजल की समस्याओं से ग्रामीण जूझ रहे हैं।मुड़पार के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से मोबाईल टॉवर के विद्युत कनेक्शन को अलग करते हुए तत्काल नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। इस संदर्भ में जानकारी के लिए जब विद्युत केंद्र सरसीवां के जे ई सुरेंद्र कँवर से मोबाईल से संपर्क किया तो घंटी गई लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किए।



वहीं विभाग के एक उच्च व वरिष्ठ अधिकारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मोबाइल टॉवर के विद्युत कनेक्शन आम उपभोक्ताओं के ट्रांसफार्मर में नहीं जोड़ा जाना चाहिए इसके लिए अलग ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए।

# स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय जैवलिन डे

बिलाईगढ़ । राष्ट्रीय जैवलिन डे (भाला फेंक दिवस) के अवसर पर जिला एथलेटिक संघ सारंगढ़-बिलाईगढ़ के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूतीउरकुली के एथलेटिक ग्राउंड, विकासखंड बिलाईगढ़ में भव्य भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राम कुमार साहू, व्यायाम शिक्षक यशपाल यादव तथा जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष प्रहलाद कैवर्त ने किया। यह आयोजन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। गौरतलब है कि भारतीय स्टार एथलीट द्वारा टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने की स्मृति और सम्मान में प्रत्येक वर्ष 7 अगस्त को देशभर के राज्यों एवं जिलों में राष्ट्रीय जैवलिन डे मनाया जाता है। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20, अंडर-23 तथा सीनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की सफलता में जिला प्रहलाद कैवर्त,शिव बघेल, अजीत निराला, महेश लहरे, राजकुमार जांगड़े, श्री एस.के. मनहर, राजेंद्र कुर्रे, अगम दास जायसवाल, जितेंद्र कहार, विकास कुर्रे, जोहन यादव, सुरेश कुमार यादव, मनोहर लाल साहू, गोपाल, महेश लाल का योगदान रहा।











**B.Sc.** Physics, Chemistry, Maths, Botany and Zoology; Biotechnology, Microbiology, Forensics, Bioinformatics, Environment

**M.Sc.** Biotechnology, Biochemistry, Microbiology, Forensics, Zoology, Bioinformatics, Physics, Chemistry, Maths, Botany,

**Ph.D**

**B.Com | M.Com | B.Com (Computer) | Ph.D**

First Time in C.G. ▸ **MBA in Pharmaceutical Management**

Modern infrastructure with 30 acres of lush green campus | Three Times NBA Accredited | Focus on Holistic Development of Students | DST-FIST New Delhi Supported Pharmacy Labs | Spacious and well-lit Smart Classrooms | Research & Excellence

**12,000+** ALUMNI NETWORK | **100%** PLACEMENT ASSISTANCE | **₹1.5+ Crore** RESEARCH GRANTS | **10.5 LPA** HIGHEST CTC

Empowering Future through NEP-Driven, Multidisciplinary Education

## FACULTY OF ARTS & HUMANITIES

DIPLOMA - Yoga Science

B.A. / M.A. Economics/English/Hindi/History/ Yoga Political Science/Sociology/Psychology/ Social Work/Geography | Ph.D

## FACULTY OF EDUCATION

B.Ed. I D.El.Ed. I M.A. I Ph.D

## FACULTY OF COMPUTER APPLICATION & IT

B.C.A. I M.C.A . I PGDCA I D.C.A.

B.Sc. Computer Science, Information Technology, Digital Marketing, Cyber Security

M.Sc. Computer Science, Information Technology, Digital Marketing, Cyber Security

Ph.D

## FACULTY OF LIBRARY & INFORMATION SCIENCE

B.Lib. I M.Lib. I Ph.D

## FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

B.Tech Diploma
CSE I Civil I Electrical I Mechanical I Instrumentation

B.Tech
CSE I Data Science & ML I AI & ML I CSE (Cyber Security) I EEE I Civil Mechanical I Electrical Engineering I Electronics & Communication Engineering I Semi Conductor & VLSI Design Mechanical (Robotics and Automation) I Electrical Engineering with Electric Vehicle Digital Marketing and E-Commerce

M.Tech
Thermal I Thermal Power I Computer Technology I CSE (AI & ML) I CSE (Data Science & ML) I CSE (Cyber Security) Civil Engineering (Structural Engineering) I Electrical & Electronics Engineering (Power Electronics & Drives) I Electronics Engineering (VLSI & Embedded Systems I Civil Engineering (Infrastructure Management Engineering)

Ph.D

## FACULTY OF LAW

LLB I B.A.LLB I B.B.A.LLB I LLM I Ph.D

## FACULTY OF MANAGEMENT

DIPLOMA - Hotel Management, Travel & Tourism

MBA - Dual Specialization, Pharmaceutical Management, Fintech, Family Business & Entrepreneur, Hospital Management

BBA - Basic , Fintech, Aviation | Ph.D

## Faculty of Pharmacy

D.Pharm. I B.Pharm. B. Pharm. (Practice) | Ph.D

M.Pharm.
Pharmaceutics, Pharmaceutical Quality Assurance, Pharmacology, Phyto Pharmacy & Phytomedicine

NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION

OUR RECRUITERS

Microsoft Certification Center
Microsoft Certification Centre (Exclusive Partner in Raipur)

**ADMISSIONS OPEN** For 2026-27

Upto **100%** SCHOLARSHIPS Apply Now

Admissions Through **PPHT / CPUET EXAM**
Date of Exam - 14.08.2026

CONNECT WITH US

Near Old Vidhan Sabha, Tekari, Raipur (C.G.) | 7400 777 888 | www.cpu.ac.in | Admission Desk Open on Sundays

## खबर संक्षेप



### वटगन स्कूल में छात्र संघ का गठन, अंकुश बने शाला नायक

**पलारी।** पलारी शासकीय उच्चता माध्यमिक विद्यालय वटगन में छात्र संघ का गठन किया गया जिसमें 12वी के छात्र अकुंश साहू शाला नायक बनाए गए उप शाला नायक गरिमा वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी सलीना खरे, दीपिका खरे, क्रीड़ा सचिव मोहनीश निराला, निशा टंडन, अनुशासन सचिव लोमेश चंद्राकर, हेमलता वर्मा पर्यावरण सचिव विकाश वर्मा, नैना वर्मा, स्वच्छता सचिव दीपक चंद्राकर, धनेश्वरी वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है वही कक्षा 9 से 12वीं तक कक्षा नायक भी बनाए गए जिसमें तारकेश्वर साहू, केशर मानिकपुरी, साक्षी पटेल, माया चंद्राकर, अलका निषाद, भावना को छात्र संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शिक्षकों ने छात्र संघ के पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राचार्य एच के वर्मा, व्याख्याता बी एल ढी ढी, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, शगुन सोनी, सुशीला जांगड़े, प्रदीप साहू, श्वेता वर्मा, सीमा कन्नौजे सहित विद्यार्थीगन उपस्थित थे।

### आवास कमिश्नर ने लगाई चौपाल



**पलारी।** शुक्रवार को तारण प्रकाश सिन्हा वीबी राम जी एवं आवास कमिश्नर रायपुर छत्तीसगढ़ ने पलारी जनपद के ग्राम सोनार देवरी में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर धरातल पर हो रहे कार्य को जानने के लिए चौपाल का आयोजन किया गया। उन्होंने सहज भाव से ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर सब की बातें सुनी उन्होंने ग्रामीणो शासन के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत पलारी सीईओ, एपीओ मनरेगा, सरपंच सरिता जोशी सचिव जीआर टंडन, उप सरपंच चित्ररेखा कन्नौजे, पंचगण प्रभु राम, लालित, दौलत राम, तुलेश्वर साहू, शिव साहू, अमरू कुर्रे, गणेश राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण चौपाल में उपस्थित थे।

### सशिम पलारी में मातृ गोष्ठी आयोजित



पलारी। सरस्वती शिशु मंदिर पलारी में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की माताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्राचार्य ने माताओं के साथ संवाद करते हुए बच्चों के संस्कार, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास में माता की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। प्राचार्य ने माताओं से बच्चों की दिनचर्या, अध्ययन, अनुशासन एवं संस्कारों को लेकर विचार साझा किए तथा विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। माताओं ने भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ।

# विधिक जागरूकता शिविर, विवाद मुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

उच्चतम न्यायालय के निर्देश तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा संचालित सामुदायिक मध्यस्थता पायलट परियोजना के अंतर्गत चयनित जिले में ग्राम स्तर पर छोटे सामाजिक एवं पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान की दिशा में पहल शुरू हो गई है। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम दावनबोड़, थाना भाटापारा ग्रामीण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक पाण्डेय ने ग्रामीणों को सामुदायिक मध्यस्थता की आवश्यकता, उद्देश्य और लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि छोटे-छोटे विवादों का न्यायालय जाने से पहले आपसी संवाद, समझौते और मध्यस्थता के माध्यम से समाधान किया जा सकता है, जिससे सामाजिक सौहार्द और भाईचारा मजबूत होता है। सामुदायिक मध्यस्थता पायलट परियोजना के तहत ग्राम दावनबोड़ से चयनित सामुदायिक मध्यस्थ विष्णु प्रसाद वर्मा एवं गीता वर्मा ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

## ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता व लोक अदालत की जानकारी




### ग्रामीणों ने लिया शांतिपूर्ण समाधान का संकल्प

उन्होंने ग्रामीणों से कानून का सम्मान करते हुए अपराध मुक्त, विवाद मुक्त एवं सौहार्दपूर्ण गांव के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। शिविर में लगभग 80 से 100 ग्रामीणों ने भाग लिया और आपसी सहयोग एवं संवाद के माध्यम से स्थानीय स्तर पर विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता प्रक्रिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विधिक योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पुलिस का व्यापक अभियान लगातार जारी

# ब्लैक स्पॉट व डिवाइडरों पर लगाए रेडियम आवारा मवेशियों को पहनाए रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा बरसात के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत यातायात पुलिस ने ब्लैक स्पॉट गिधौरी, हसुवा तथा नगर पंचायत कसडोल क्षेत्र में बनाए गए डिवाइडरों पर सुरक्षा उपकरण लगाए हैं। डिवाइडरों पर टिकली, रेडियम, स्टॉपर एवं संकेतक पटिकाएं लगाई गई हैं, ताकि रात एवं बारिश के दौरान वाहन चालकों को डिवाइडर स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इसके अलावा डिवाइडरों पर लगे सोलर लाइट एवं हाईमास्ट लाइट की मरम्मत कराने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक हिदायत दी गई है। यातायात पुलिस द्वारा सड़क की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था एवं दुर्घटना संभावित स्थानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 अगस्त 2026 को छांछी में हुई सड़क दुर्घटना के स्थल का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य भी कराया गया। दुर्घटना के कारणों का अवलोकन करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।







### घुमंतू पशुओं को पहनाया जा रहा रेडियम बेल्ट

सड़क पर घूमने वाले पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी पुलिस द्वारा विशेष पहल की जा रही है। घुमंतू पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए जा रहे हैं, जिससे रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर मौजूद पशु दूर से दिखाई दे सकें। इससे पशुओं के साथ-साथ वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। यातायात पुलिस का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सुरक्षा इंतजामों के साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। जिले में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार एवं सुरक्षा व्यवस्था का कार्य आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# जनता का विश्वास खो चुकी भाजपा सरकार : इन्द्र साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बढ़े हुए बिजली बिल एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में चलाए जा रहे फार्म भरने के अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण की बैठक ग्राम कड़ार में सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता लगातार बढ़ते बिजली बिलों से परेशान है।जनता का विश्वास खो चुकी भाजपा सरकार, ऐसे समय में अब कांग्रेस पार्टी ही जनता की आवाज बनकर उनके हक की लड़ाई लड़ रही है और स्मार्ट मीटर तथा बढ़े हुए बिजली बिलों के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चला रही है। साव ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई और बढ़ते बिजली बिलों की दोहरी मार झेल रही है। भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। बैठक को मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, सुनील साहू, निगम के पूर्व सदस्य सतीश अग्रवाल, प्रदेश प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी, आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह अभियान जनता के अधिकारों की लड़ाई है और इसे जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा बैठक मे बडी संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# बीएमओ पलारी के विरोध में लामबंद आरएमए एसोसिएशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पलारी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज वर्मा के कार्य व्यवहार को लेकर छत्तीसगढ़ आरएमए एसोसिएशन की जिला बलौदाबाजार इकाई ने विरोध दर्ज कराया है। संघ के पदाधिकारियों एवं आरएमए चिकित्सकों ने सीएमएचओ के समक्ष अपनी आपत्ति रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। सीएमएचओ ने प्रतिनिधिमंडल को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

आरएमए एसोसिएशन के प्रवक्ता नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि संघ से जुड़े आरएमए चिकित्सक पलारी स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में लगातार सेवाएं दे रहे हैं। विषम परिस्थितियों में भी चिकित्सक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन कर रहे हैं। संघ का आरोप है कि कुछ प्रभारी चिकित्सकों के साथ कथित तौर पर असम्मानजनक एवं अनुचित भाषा का प्रयोग करने के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने जैसी परिस्थितियां निर्मित हुईं। संघ ने कहा कि इस प्रकार के व्यवहार से चिकित्सकों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एसोसिएशन ने महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ कथित अनादरपूर्ण व्यवहार का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

महिला प्रभारी चिकित्सकों का कहना है कि कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों की गरिमा और सम्मान सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। संघ ने महिला कर्मचारियों द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। इन विभिन्न मुद्दों को लेकर आरएमए एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमएचओ के समक्ष लिखित आपत्ति दर्ज कराई। मामले में सीएमएचओ ने संघ को उचित जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### कसडोल विकासखंड में गौधाम स्वीकृति की मांग

**कसडोल।** कसडोल विकासखंड में निराश्रित एवं बेसहारा गौवंशों के संरक्षण के लिए 8 और गौधाम की स्वीकृति दिए जाने की मांग उठने लगी है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करते हैं, जिससे जहां एक ओर गौवंशों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है, वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गौवंश संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौधाम योजना शुरू की गई है। योजना के तहत निराश्रित पशुओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के साथ उनके संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। शासन स्तर पर प्रदेश में बड़ी संख्या में गौधाम विकसित करने की प्रक्रिया चल रही है।

कसडोल विकासखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सीताराम निराला ने बताया कि अभी तक कटगी और छरछेद 2 जगहों का स्वीकृति मिल पाया है ।

# गुरु हरकिशन महाराज का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा



बाबा गुरमुख दास गुरुद्वारा दरबार में गुरु हरकिशन महाराज का प्रकाश उत्सव जन्मोत्सव अमृतवेला परिवार के तत्वावधान में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर दिनभर गुरबाणी, भजन-कीर्तन और गुरु के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत अल सुबह 3:30 बजे अमृतवेला से हुई। अमृतवेला परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में गुरु भक्त गुरुद्वारा दरबार पहुंचे। गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ और गुरबाणी के साथ भजन-कीर्तन प्रारंभ हुआ। 'धन गुरु नानक, सरबत जग तारिया' सहित विभिन्न शब्दों और भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर गुरु की भक्ति में लीन नजर आए। गुरु हरकिशन जी महाराज की शहादत और उनके त्याग को याद करते हुए महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के दौरान उत्साहपूर्वक गुरु के जयकारे लगाए। पूरे दिन गुरुद्वारा परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा। केक काटकर मनाया गुरु का जन्मदिन- शाम को गुरु हरकिशन जी महाराज के प्रकाशोत्सव के अवसर पर केक काटकर जन्मदिवस की बधाई दी गई। इसके बाद रात करीब 8 बजे से गुरु का अटूट लंगर शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर में पहुंचकर प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया। इस मौके पर ललित विरानी, कृष्ण विरानी, अमृतवेला परिवार के प्रमुख दीपक निचलानी, खेमचंद विरानी, मानिक कोडवानी, मनोज विरानी, सुंदरलाल पंजवानी, रामचंद गिडलानी, किशोर रोहड़ा, लालचंद बचवानी, प्रकाश वरलियानी, राजकुमार जेठवानी, अविनाश, दिलीप केसवानी, अमित कुकरेजा, जीतू लालवानी, हरीश बहेजा, सुनील चंदनानी, इंद्र तलरेजा, मनोज निहिचलानी, हर्षा नीचलानी, साक्षी वधवानी, रिंकी व्हेजा, डिंपल कोडवानी, जया चंदनानी, सोना केशवानी, ज्योति नागवानी, हीर केसवानी, भावना विरानी, नीलम पंजवानी, मन्नत वाधवानी, पूजा मोटवानी, शांता गोविंदानी, भावना रिझवानी, वंशिका लालवानी, सपना लालवानी सहित परिवार के सदस्यों और बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने सहभागिता निभाई।

# छेड़िया स्कूल में मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में बच्चों को आपदा एवं विभिन्न जोखिमों के प्रति नियमित रूप से जागरूक, संवेदनशील एवं सजग बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अगस्त माह के दूसरे शनिवार की निर्धारित थीम "शाला आपदा प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया" पर आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को विद्यालय में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि विद्यालय को बच्चों एवं शिक्षकों के लिए सुरक्षित स्थान बनाए रखने के लिए शाला स्तर पर आपदा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। इसी उद्देश्य से शाला समुदाय, बाल संसद, मीना मंच तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों को सम्मिलित करते हुए शाला आपदा प्रबंधन समिति के गठन की प्रक्रिया एवं उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आपदा की स्थिति में सजगता, सामूहिक जिम्मेदारी तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं एनजीओ कार्यकर्ता चंद्रिका कोशले की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं बच्चों को सुरक्षित एवं जागरूक वातावरण प्रदान करने के लिए विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में गतिविधियां आयोजित की गईं।



## वृंदावन के संत आशु कृष्ण शास्त्री पहुंचे शिवरीनारायण

# सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुटता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

वृंदावन के संत आशु कृष्ण शास्त्री महाराज शनिवार को धर्मनगरी शिवरीनारायण पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होकर शिवरीनारायण की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान शिवरीनारायण की पावन भूमि पर आने का अवसर मिलना उनके लिए जन्म-जन्मांतर के पुण्य का प्रताप है। शबरी और नारायण की पवित्र भूमि पर पहुंचना अपने आप में गौरव का विषय है। संत आशु कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि भारत माता के रूप में पूजनीय है। इसी तरह छत्तीसगढ़ की अपनी विशिष्ट पहचान और आस्था है तथा यहां की संस्कृति में छत्तीसगढ़ महतारी का विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि शबरी और नारायण की पावन धरती शिवरीनारायण का धार्मिक महत्व अत्यंत विशिष्ट है। उन्होंने हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज कुछ लोग हिंदू धर्म के मार्ग से भटककर धर्म परिवर्तन की ओर जा रहे हैं।






**संतों का लिया आशीर्वाद, खरौद में किए देवदर्शन**–उन्होंने कहा कि धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा तथा समाज में जागरूकता लाने के लिए जहां भी विशेष कदम उठाए जाएंगे, वे उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपनी संस्कृति, परंपरा और धर्म के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। शिवरीनारायण पहुंचने से पूर्व संत आशु कृष्ट शास्त्री ने मेहंदी एवं देवरघटा में पूजनीय संत शिरोमणि श्री रामगोपाल दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने खरौद पहुंचकर देवदर्शन किए। बाद में गरिमा मेडिकल, शिवरीनारायण में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने मीडिया से चर्चा की। प्रेस वार्ता के पश्चात संत आशु कृष्ण शास्त्री श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मठाधीश डॉ. राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संत का स्वागत भगवान शिवरीनारायण की छायाचित्र, पुष्प, श्रीफल एवं शाल भेंटकर किया गया। जहां पुजारी त्यागी महराज ,मुख्तियार सुखराम दास महराज उपस्थित थे । इसके बाद सभी अतिथि को प्रसादी परोसा गया मेडिकल में स्वागत सम्मान किया गया । इस अवसर पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संघ के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, संजय शर्मा, गोपाल केडिया, अंकुर अग्रवाल, अखिल केशरवानी, निरंजन थवाईत, नवीन माधवानी, अनिल अग्रवाल, लल्लू यादव, है अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

